Tirupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 27 December 2020
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-12 Issue - 30

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

News of the Week

दुनियाभर के 190 से ज्यादा देश कोरोनावायरस की चपेट में हैं। भारत में 31 दिसंबर 2020 तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 1,02,66,674 हो गई है। विश्व में 8.26 करोड़ से ज्यादा लोग कोरोना संक्रमण की चपेट में है।

Inside Ghaziabad

पेज नंबर 2
48 जोड़ों की शादी, बचत की सीख लेकर ससुराल...

पेज नंबर 7
Bills will free farmers from middlemen: VK...

जिले में कोरोना वैक्सिनेशन की तैयारी पूरी

70 स्थानों पर लगेगी वैक्सीन, 54 पीएचसी सीएचसी भी शामिल

गाजियाबाद : स्वास्थ्य विभाग ने जिले में कोरोना वैक्सिनेशन के लिए माइक्रो प्लान तैयार कर लिया है। जिले में प्रथम चरण के कोरोना वैक्सिनेशन के लिए 70 स्थल चिहिन्त किए है। वहीं 54 पीएचसी–सीएचसी भी शामिल किए है। जिला एमएमजी अस्पताल को मुख्य टीकाकरण स्थल बनाया गया है। यहीं पर मुख्य वैक्सीन स्टोर बनाया गया है। यहां से ही सभी केंद्रों पर वैक्सीन भेजी जाएगी। टीकाकरण स्थलों पर लोगों की भीड़ ज्यादा न हो इसके लिए लोगों को दो से तीन अलग–अलग समय में विभाजित कर बुलाया जाएगा। दूसरे वैक्सिनेशन में टीकाकरण स्थल को बढ़ाया जाएगा। पहले चरण में डाक्टर और मेडिकल कर्मियों को ही टीके लगाए जाएंगे।

वैक्सीन के रखरखाव का रखें विशेष ध्यान : नोडल अधिकारी

गाजियाबाद : जनपद के नोडल अधिकारी सेंथिल पांडियन सी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में कोरोना वैक्सीन की तैयारियों के संबंध में बैठक की। जिसमें उन्होंने कोविड की रोकथाम व वैक्सीन के उपलब्ध होने के बाद उसे रखे जाने की व्यवस्था के बारे में जानकारी की। नोडल अधिकारी ने वैक्सीन के रखरखाव में विशेष ध्यान रखने और इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम में ही कोविड–19 कंट्रोल रूम की स्थापना कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक के बाद जिला अस्पताल में जिला वैक्सीन स्टोर एवं कोल्ड चेन का निरीक्षण किया।

कोरोना से एहतियात के साथ नए साल का स्वागत

गाजियाबाद : नए साल 2021 के स्वागत को लेकर शहर भर में कोरोना से एहतियात के साथ जश्न मनाया गया। हालांकि इस साल पहले की तरह तो ज्यादा कार्यक्रम नहीं हुए। कुछ दुकान और रेस्टोरेंट लाइटों फूलों व गुब्बारों से सजाये गयें। इस साल ज्यादातर सोसायटियों में कोरोना को देखते हुए सामूहिक रूप से कार्यक्रम नहीं हुए। लोगों ने अपने घर पर परिवारजनों के साथ ही नया साल मनाया। वसुंधरा निवासी सतेंद्र ने बताया कि उन्होंने इस साल कोरोना संक्रमण को देखते घर पर परिवारजनों के साथ नया साल मनाया और कोरोना से मुक्ति के लिए भगवान से प्रार्थना की। शहर भर के धार्मिक स्थलों, माल–मल्टीप्लेक्स और रेस्टोरेंट में कोरोना को लेकर गाइडलाइन का पालन किया गया। थर्मल स्क्रीनिंग और सैनिटाइजेशन के बाद प्रवेश दिया जाएगा।



पुलिस तैनात रही

नए साल को लेकर पुलिस भी सतर्क रही। नए साल पर स्टंट करने और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई की गई।

Fire at Maruti showroom Meerut Road, 26 cars damaged

GHAZIABAD: A massive fire broke out at a car showroom at 10am near Delhi Public School on Meerut Road on Sunday, police said. The cops added that there were no injuries in the incident. The fire department took over an hour to control the situation, but four cars were completely burnt. The fire department suspect short circuit to be the reason behind the blaze. Chief fire officer (CFO) Sunil Kumar Singh said three fire tenders from several areas were initially sent to the Maruti Suzuki showrrom. "It took a total of 10 fire tenders an hour to douse the flame," he said The firemen said four cars — parked in the car showroom — were completely destroyed. Twenty-six cars were damaged, an official said, adding that the firm suffered a loss of over Rs 1 crore. "We have saved 150 cars in the showroom. At the time of the incident, some employees were inside the showroom," he added. An employee said the fire broke out at the second floor. "Documents kept on the second floor have been damaged," he added.

कोरोना संक्रमितों को बचाने के लिए प्लाज्मा कर रहे दान

साहिबाबाद : कोरोना संकट से जूझने के बाद अवनीश झा अन्य कोरोना संक्रमित को वैश्विक महामारी से लडने के लिए प्लाज्मा दान कर रहे हैं। उन्होंने अन्य लोगों से भी कोरोना संक्रमित लोगों को प्लाज्मा दान करने की अपील की है। जिससे सभी घर आंगन खुशियों से गुलजार रहें। एंजल मरकरी सोसायटी में रहने वाले अवनीश झा बताते हैं कि अगस्त माह में उनका पूरा परिवार कोरोना संक्रमित हो गया था। कोरोना को हराने के बाद उन्होंने अन्य कोरोना संक्रमित को इस वैश्विक महामारी से निजातदिलाने का निर्णय लिया। तभी से वह लगातार लोगों के लिए प्लाज्मा दान करते आ रहे हैं। उन्होंने 120 दिन में छह बार प्लाज्मा दान किया। वह बताते हैं कि प्लाज्मा देने के लिए परीक्षण और उसे दान करना सुरक्षित है। एंटी बाडीज उपस्थित होने तक हर 15 दिनों के बाद एक दाता प्लाज्मा दान कर सकता है। प्लाज्मा दान करने से कोई नकारात्मक प्रभाव स्वास्थ्य पर नहीं पड़ता है। उन्होंने लोगों से प्लाज्मा दान करने की अपील की है।

चार जनवरी तक भरे जाएंगे बैक परीक्षा फार्म

गाजियाबाद : चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों से स्नातक, परास्नातक विभिन्न पाठ्यक्रम में सम्मिलित होने वाले ऐसे अभ्यर्थी जिनकी जून–2020 परीक्षा में बैक लगी है। वे बैक परीक्षाएं देने के लिए चार जनवरी तक आनलाइन फार्म भर सकते हैं। सीसीएसयू से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक, परास्नातक व व्यवसायिक सेमेस्टर पाठ्यक्रम की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं देने वाले अभ्यर्थी जिनकी एक परीक्षा छूट गई या फिर बैक लगी है। विवि द्वारा सेमेस्टर पूरा कराने के लिए अभ्यर्थियों को बैक परीक्षाएं कराने का मौका दिया गया है। चार जनवरी तक आनलाइन बैक परीक्षा फार्म भरे जाएंगे।

सीसीएसयू की परीक्षाओं में अनुचित साधन प्रयोग करने वालों के परिणाम घोषित

गाजियाबाद : चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों से विभिन्न पाठ्यक्रम में जून–2020 में परीक्षाओं में अनुचित साधनों का उपयोग करने वाले अभ्यर्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। श्रेणियों के आधार पर दंड और अभ्यर्थियों की सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। सीसीएसयू से संबद्ध महाविद्यालयों से व्यवसायिक पाठ्यक्रम व पीजी सेमेस्टर परीक्षा देने वाले छात्र–छात्राओं के लिए श्रेणी के आधार पर दंड निर्धारित किया गया है। प्रथम श्रेणी में चेतावनी दी जाएगी कि इस संबंध में सावधान रहें। दूसरी श्रेणी में संबंधित विषय कोड की परीक्षा निरस्त कर दी गई है। तीसरी श्रेणी में सभी सेमेस्टर जून–2020 की परीक्षाएं निरस्त कर दी गई हैं। चौथी श्रेणी में सभी सेमेस्टर की परीक्षाएं निरस्त कर दी गई हैं। साथ ही भविष्य में अगले सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। पांचवीं श्रेणी में सभी सेमेस्टर की परीक्षाएं निरस्त कर दी गई हैं। साथ ही भविष्य में दो सेमेस्टर की परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। छठी श्रेणी में सभी सेमेस्टर की परीक्षाएं निरस्त कर दी गई हैं। भविष्य में तीन सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। वहीं बीएड और बीपीएड की परीक्षाओं में अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले छात्रों के लिए भी श्रेणीबद्ध तरीके से दंड निर्धारित किया गया है। प्रथम श्रेणी में चेतावनी दी जाएगी कि इस संबंध में सावधान रहें। दूसरी श्रेणी में संबंधित विषय कोड की परीक्षा निरस्त कर दी गई है।

बढ़ रहा प्रदूषण, लोग हो रहे परेशान

साहिबाबाद : हल्की बूंदाबांदी और हवा में आयी तेजी का प्रदूषण पर असर पड़ा है। सोमवार को गाजियाबाद शहर का एक्यूआई रेड जोन से ओरेंज जोन में पहुंच गया। रविवार रात को हुई बूंदाबांदी के बाद से ठंड का प्रकोप बढ़ गया। वहीं तेज हवा की रफतार में तेजी महसूस की गई। सोमवार सुबह तेज धूम के साथ सूरज निकला लेकिन हवा की रफतार अधिक होने के कारण धूप से अधिक ठंड महसूस हुई। सोमवार को हवा की रफतार में आई तेजी से जिले के प्रदूषण में कमी देखने को मिली। पांच दिन से लगातार रेड जोन में रहा गाजियाबाद सोमवार को ओरेंज जोन में पहुंच गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गाजियाबाद का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 233 दर्ज किया।

48 जोड़ों की शादी, बचत की सीख लेकर ससुराल गईं दुल्हन

गाजियाबाद : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को जनपद मेंअलग अलग जगह कार्यक्रमों का आयोजन कर 48 जोड़ों की शादी करवाई गई। जिनमें पहली बार प्रत्येक दुल्हन को मिशन शक्ति के तहत सिलेंडरनुमा गुल्लक भी उपहार में देते हुए उनको घर चलाने के लिए बचत की सीख अधिकारियोंऔर जन प्रतिनिधियों ने दी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत दो लाख रुपये सालाना से कम आय वाले परिवार की बेटी का विवाह इस योजना के तहत कराया जाता है। प्रत्येक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। 51 हजार रुपये में से 35 हजार रुपये खादी के बाद वधू के बैंकखाते में भेजे जाते हैं। 10 हजार रुपये का सामान खरीदकर शादी के वक्त दिया जाता है। छह हजार रुपये एक जोड़े की शादी की व्यवस्था जैसे कि टेंट और खान–पान में खर्च किए जाते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय व्यास ने बताया कि रजापुर ब्लॉक, भोजपुर ब्लॉक, मुरादनगर ब्लॉक और नगर निगम क्षेत्र स्थित चौधरी भवन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चौधरी भवन में 13, मुरादनगर में आठ, भोजपुर में चार और रजापुर में 23 जोड़ों का विवाह करवाया गया है। कार्यक्रम स्थल पर कोरोना से बचाव के लिए सभी को मास्क पहनकर आने की ही अनुमति दी गई , सैनिटाइजर का भी इस्तेमाल किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने पहल करते हुए प्रत्येक दुल्हन को उपहार में सिलेंडरनुमा गुल्लक उपहार में देने की व्यवस्था की। यह उपहार भी विवाह में आकर्षण का केंद्र बना रहा। चौधरी भवन में महापौर आशा शर्मा, खोड़ा नगर पालिका की चेयरमैन रीना भाटी और रजापुर ब्लॉक में विधायक अजितपाल चौधरी और विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने पहुंचकर वर वधू को आशीर्वाद दिया।

बिजली निगम के प्रबंध निदेशक से की भ्रष्टाचार की शिकायत

लोनी : सामाजिक संस्था इति भ्रष्टाचार के पदाधिकारियों ने सोमवार को मेरठ स्थित बिजली निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर लोनी बिजली निगम में फैले भ्रष्टाचार की शिकायत की। उन्होंने बताया कि लोनी में कमर्शियल कनेक्शन देने के लिए निगम के संविदा कर्मी स्थानीय लोगों से अवैध रूप से पैसे की उगाही करते है। इनका विरोध करने पर संविदा कर्मी लोगों के घर चेकिंग कराकर फर्जी मुकदमे लगवाने का कार्य भी करते है। उन्होंने बताया कि लोनी में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। पदाधिकारियों ने प्रबंध निदेशक से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सात साल बाद भी नहीं मिला पजेशन, बिल्डर पर एफआईआर

गाजियाबाद : फ्लैट बुक करने के सात साल बाद भी पजेशन नहीं दिया गया। मामला कविनगर थानाक्षेत्र स्थित एनएच–9 के किनारे आवासीय सोसायटी बना रहे बिल्डर का है। पीडिघ्त की शिकायत के बाद एसएसपी के आदेश पर बिल्डर के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। आईपी एक्सटेंशन, दिल्ली में रहने वाले अमित जैन ने बताया कि वर्ष 2013 में उन्होंने एनएच–9 के किनारे आवासीय सोसायटी बना रहे बिल्डर के प्रोजेक्ट में फ्लैट बुक कराया था। उनके मुताबिक फ्लैट बुकिंग के समय बताया गया था कि प्रोजेक्ट में विदेशी निवेश है। लंदन की कंपनी ने इस प्रोजेक्ट में निवेश किया है। झांसे में आकर अमित जैन ने उक्त प्रोजेक्ट में एक फ्लैट बुक किया और 23 लाख रुपये बिल्डर को दे दिए। फ्लैट के पजेशन के लिए जनवरी 2016 का समय दिया गया था लेकिन अभी तक पजेशन नहीं दिया गया है। पड़ताल करने पर जानकारी मिली कि प्रोजेक्ट में किसी कंपनी का विदेशी निवेश नहीं है। उनकी तरह की अन्य लोगों को झांसा देकर आरोपित बिल्डर करीब 150 करोड़ रुपये ले चुका है। इसके अलावा एक अन्य फाइनेंस कंपनी से भी बिल्डर ने प्रोजेक्ट के नाम पर 135 करोड़ रुपये का लोन ले रखा है। एसएचओ कविनगर अजय सिंह ने बताया कि बिल्डर फर्म के निदेशक के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

अदालत ने सुनाई 5 वर्ष पांच माह कैद की सजा

गाजियाबाद : गिरोह बनाकर अपराध करने के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट राकेश त्रिपाठी की अदालत ने एक दोषी को पांच वर्ष पांच माह कैद और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। मामला मसूरी थानाक्षेत्र का है। अधिवक्ता ने बताया कि इकबाल ने अदालत में जुर्म कबूला था। इसके बाद अदालत में दोनों पक्षों को सुनने के बाद गत सोमवार को इकबाल को उपरोक्त सजा सुनाई। बता दें कि मसूरी थाना पुलिस ने 30 जून 2015 को इकबाल, इमरान, परवेज व हासिम को गिरफ्तार किया था। आरोप था कि यह लोग गिरोह बनाकर क्षेत्र में अवैध हथियारों के बल पर बच्चों का अपहरण कर फिरौती वसूलते हैं। समाज में इनका भय है। इनके खुलेआम रहने से क्षेत्र में शांति व्यवस्था व लोक व्यवस्था भंग होने का खतरा है।

तीन शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित

साहिबाबाद : मिशन शिक्षण संवाद टीम वाराणसी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी द्वारा रविवार को आयोजित राज्य स्तरीय शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धन कार्यशाला में जनपद की तीन शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। मिशन शिक्षण संवाद टीम वाराणसी द्वारा कोरोना महामारी के बाद प्रदेश भर में परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य स्तरीय शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धन कार्यशाला आयोजित की गई थी। कार्यशाला में प्रदेश के दो सौ शिक्षकों ने भाग लेते हुए अपने जनपदों के उत्कृष्ट कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया साथ ही वाराणसी के मॉडल स्कूलों का निरीक्षण किया। कार्यशाला में गाजियाबाद का प्रतिनिधित्व करते हुए नीरव शर्मा, अनुपमा तंवर और कविता वर्मा ने विद्यालयों में बच्चों को पढ़ाने के लिए किए गए प्रयोगों, विशेष प्रयासों, ई पाठशाला का संचालन समेत अन्य उत्कृष्ट कार्यों का प्रेजेंटेशन किया। रविवार को केबिनेट मंत्री अनिल राजभर और राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जयसवाल ने तीनों शिक्षिकाओं को उत्कृष्ट कार्यों को करने के लिए सम्मानित किया।

पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों से की वार्ता, सुरक्षा व सुविधाएं मुहैया कराने का दिया आश्वासन

साहिबाबाद : पुलिस ने सोमवार को यूपी गेट पर चल रहे किसान आंदोलन में घुसे डेढ़ दर्जन संदिग्धों को दबोच लिया। उन पर शांति भंग की कार्रवाई की गई। वहीं, किसान भी अराजकतत्वों की पहचान करने में जुटे रहे। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने किसान नेताओं से वार्ता कर सुरक्षा व सुविधाएं मुहैया कराने का आश्वासन दिया। आंदोलन स्थल पर बड़ी संख्या में अराजकतत्व घूम रहे हैं। वह माहौल खराब करने की जुगत में रहते हैं। उन पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी नजर रख रहे हैं। उन्हें पकड़कर कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को यहां घुसे डेढ़ दर्जन संदिग्धों को पुलिस ने पकड़ा। उनसे पूछताछ की, तो पता चला कि वह किसान नहीं हैं। सिर्फ यहां घूम रहे हैं। पुलिस ने उन पर शांति भंग में कार्रवाई की। सोमवार दोपहर में एक संदिग्ध युवक को किसानों ने पकड़ा।

उससे पूछा, तो पता चला कि वह मजदूरी करता है। खोड़ा में रहता है। किसानों ने उसे आंदोलन से बाहर का रास्ता दिखाया। किसान नेताओं ने भी अपने वालंटियरों से अराजकतत्वों पर नजर रखने को कहा है। आंदोलन स्थल पर चोर–उचक्के भी सक्रिय हैं। नगर निगम द्वारा रखी गईं पानी की टंकी की टोटियां, मोबाइल व बिस्तर तक गायब हो चुके हैं। इसको लेकर पुलिस व किसान दोनों सतर्क हुए हैं। पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि आंदोलन पर कड़ी सुरक्षा–व्यवस्था है। संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। अपर जिलाधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने सोमवार को कई बार किसान नेताओं से वार्ता की। उन्हें पूरी तरह से सुरक्षा देने का आश्वासन दिया। पानी, बिजली व शौचालय की व्यवस्था की जानकारी ली।

खतरा : यूपी गेट पर किसानों में बुखार, खांसी व जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी

साहिबाबाद : कृषि कानूनों के विरोध में यूपी गेट दिल्ली बार्डर पर बुखार, खांसी व जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी है। निजी व सामाजिक संस्थाएं इनके इलाज में जुटे हैं। कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को 24 घंटे जांच के आदेश के बावजूद आरंभ नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता नहीं बरती तो बढ़ती भीड़ में कोरोना बम फूट सकता है। वहीं, सरकारी एंबुलेंस आंदोलन स्थल से दूर खड़ी होकर बैरंग लौट रहीं हैं। कोरोना का संक्रमण अभी कम होने का नाम नहीं ले रहा है, जिसे रोकने के लिए शासन–प्रशासन की ओर से लगातार प्रचार किया जा रहा है। यहां यूपी बार्डर पर किसान आंदोलन 28 नवंबर से जारी है, जिसमें अब किसानों की संख्या दिनोंदिन बढने लगी है। वहीं, किसान कोरोना संक्रमण से अंजान हैं और उनके चेहरों से मास्क गायब है। धरनारत किसानों के इलाज के लिए सामाजिक संस्थाओं व निजी चिकित्सकों ने शिविर लगा रहे हैं। डीएम अजय शंकर पांडेय ने स्वास्थ्य विभाग को 24 घंटे कोरोना जांच के निर्देश दिए थे। आलम यह है कि यहां निजी एंबुलेंस व चिकित्सकों की टीम जो आंदोलन स्थल पर सेवाएं दे रही हैं। वहीं, सरकारी स्वास्थ्य विभाग से भेजी गई एंबुलेंस आंदोलन स्थल से दूर खड़ी रहकर लौट रही है।

सरकार व किसानों में बातचीत के बाद 2 मुद्दों पर रजामंदी

नई दिल्ली : बुधवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में किसानों व सरकार के बीच दो मुददों पर रजामंदी हो गई। इस बार अलग ये हुआ कि सरकार के दो मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और पीयूष गोयल किसानों के लंगर में शामिल हो गए। तीन घंटे बाद बैठक खत्म हुई और दो मुद्दों पर रजामंदी बन गई। अगली बैठक 4 जनवरी को दोपहर 2 बजे से होगी। बुधवार को लंच के दौरान तब बात बनने के आसार दिखे थे, जब किसानों के साथ मंत्रियों ने खाना खाया था। किसान लंगर में बनी दाल–रोटी अपने साथ लाए थे। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने उनके साथ खाना खाया। उनके साथ चाय पर भी बातचीत की। किसानों के 4 बड़े मुद्दे हैं। पहला– सरकार तीनों कृषि कानूनों को वापस ले। दूसरा– सरकार यह लीगल गारंटी दे कि वह मिनिमम सपोर्ट प्राइस यानी एमएसपी जारी रखेगी। तीसरा– बिजली बिल वापस लिया जाएगा। चौथा– पराली जलाने पर सजा का प्रावधान वापस लिया जाए। पांच घंटे की बातचीत के बाद बिजली बिल और पराली से जुड़े दो मुद्दों पर सहमति बन गई। सरकार किसानों की चिंताओं को दूर करने पर राजी हो गई। इसके बाद किसान नेताओं ने भी नरमी दिखाई। उन्होंने 31 दिसंबर को होने वाली ट्रैक्टर रैली को टाल दिया। कृषि कानून और एमएसपी पर अभी भी मतभेद बरकरार हैं।

किसानों को भरोसा

पर्यावरण से जुड़े ऑर्डिनेंस में पराली के मामले में किसानों को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। सरकार और किसानों में इस मुद्दे पर रजामंदी बनी है। दूसरा मुद्दा इलेक्ट्रिसिटी एक्ट का है, जो अभी आया नहीं है। किसानों को लगता है कि इस एक्ट से उन्हें नुकसान होगा। किसानों को सिंचाई के लिए जो सब्सिडी दी जाती है, वैसी ही चलनी चाहिए। इस भी रजामंदी हो गई है।

मना रही सरकार

तोमर ने बताया, 'किसान यूनियन तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की बात करती रही। हमने अपने तर्कों से उन्हें यह बताने की कोशिश की कि किसान की कठिनाई कहां है? जहां कठिनाई है, वहां सरकार खुले मन से विचार को तैयार है।

कृषि कानून वापस न होने तक जारी रहेगा किसान आंदोलन : नरेश टिकैत

गाजियाबाद : भारतीय किसान यूनियन (भाकियू)के अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि किसान नए कृषि कानूनों को वापस कराकर ही घर लौटेंगे। सरकार की नीयत में खोट है तभी मुद्दों पर बात नहीं कर रही है। आगामी 26 जनवरी को किसान ट्रैक्टर–ट्राली व अन्य साधनों से तमाम बाधाओं को पार करते हुए दिल्ली के लिए कूच करेंगे। यूपी गेट किसान आंदोलन स्थल के मंच से बोलते हुए भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कृषि कानून किसानों के हित में नहीं है। किसान इन कानूनों को मान नहीं रहा तो उस पर इन्हें थोपने की जरूरत क्या है। किसान संगठन इन कानूनों के विरोध में एकजुट हैं और किसान घरों से ठानकर आया

है कि वह इन्हें वापस कराकर ही लौटेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की नीयत ठीक होती तो मामला यहां तक न पहुंचता। वार्ता के दौरान एक या दो बार में हल निकल जाता। किसानों का यह अनिश्चितकालीन आंदोलन दिल्ली के हर बार्डर पर जारी रहेगा। कृषि कानून वापस न होने पर गणतंत्र दिवस पर किसान हर बार्डर से ट्रैक्टर–ट्राली व अन्य साधनों के अलावा पैदल ही दिल्ली के लिए कूच करेंगे।

नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश, रुकवाया

गाजियाबाद : सोमवार को सिहानी में खसरा नंबर 160 व 161 पर 0.3285 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जा होने की शिकायत नगर निगम को मिली। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा रुकवाया गया है। इस दौरान अधिकारियों को विरोध का भी सामना करना पड़ा। जेसीबी के सामने सड़क पर बैठकर कार्रवाई को रुकवाने की कोशिश की गई। नगर निगम की टीम ने विरोध करने वालों को हटाकर अवैध निर्माण ध्वस्त कराया है। अपर नगर आयुक्त राज नारायण पांडेय ने बताया कि सिहानी में नगर निगम की जमीन पर राकेश कुमार वर्मा द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा था, जिसे तत्काल रुकवा दिया गया है। प्रवर्तन दल के प्रभारी कर्नल दीपक शरण ने बताया कि जमीन

को अपनी बताते हुए राकेश ने जेसीबी के सामने सड़क पर बैठकर कार्रवाई का विरोध जताया। समझा बुझाकर निगम अधिकारियों ने राकेश को हटाया। राकेश व अन्य तीन व्यक्तियों के विरुद्ध पूर्व में भी प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है।

जीडीए ने ध्वस्त किया अवैध निर्माण

गाजियाबाद : जीडीए ने ध्वस्तीकरण अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को प्रवर्तन जोन–7 में अवैध रूप से किए गए निर्माण सचल दस्ते ने ध्वस्त कर दिया। जीडीए अपर सचिव सीपी त्रिपाठी की देखरेख में सहायक अभियंता रणबीर सिंह ने यह कार्रवाई की है। सहायक अभियंता आरबी सिंह ने बताया कि शालीमार गार्डन के बी–44 में काफी दिनों से अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था। प्रवर्तन खंड द्वारा नोटिस जारी करके निर्माण बंद करने को कहा गया लेकिन कार्य बंद नहीं किया गया। ध्वस्तीकरण आदेश पारित कराने के बाद सोमवार को पूरा निर्माण तोड़ दिया गया है। शालीमार गार्डन क्षेत्र में आधा दर्जन अन्य अवैध निर्माणों को भी चिह्नित कर लिया गया है। उधर जीडीए सचिव द्वारा डीएम और एसएसपी को पत्र

भेजकर अवैध निर्माणों को तोडने के लिए फोर्स की मांग की गई। पत्र में लिखा है कि राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में कई अवैध कालोनी विकसित की जा रही हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा की गई समीक्षा के दौरान अवैध निर्माणों पर सख्ती के निर्देश दिए गए थे।

1010 अधिवक्ताओं ने घर के लिए जताई इच्छा

गाजियाबाद : शहर में घर बनान की 1010 अधिवक्ताओं ने आवेदन किया है। जल्द ही आवेदन करने वाले अधिवक्ताओं की सूची जीडीए उपाध्यक्ष को सौंपी जाएगी, ताकि फ्लैट व प्लाट आवंटन की प्रक्रिया आगे बढ़ सके। सोमवार को यह बातें गाजियाबाद बार एसोसिएशन अध्यक्ष मुनीष त्यागी ने कहीं। मालूम हो, कि गाजियाबाद कचहरी में वकालत करने वाले कई अधिवक्ताओं के पास शहर में घर नहीं हैं। उन्हें दूर–दराज के इलाकों से रोजाना वकालत करने के लिए राजनगर स्थित कचहरी में आना पड़ता है। ऐसे अधिवक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अधिवक्ताओं को परेशानी से निजात दिलाने के लिए यह सारी कवायद की जा रही है।

EDITORIAL

Easing off: On coronavirus situation in India

As 2020 draws to a close, Indians will look forward to the new year with wariness and hope after suffering one of the worst years in history, health-wise (nearly 1,48,000 registered deaths due to COVID-19) and economically (loss of livelihoods). The pandemic continues to rage — daily infections and deaths are scaling fresh peaks in Europe, the U.S. is closing in on 20 million confirmed cases and 3.4 lakh deaths and in some countries in Latin America, cases have remained high and are rising. In contrast, while India still registers the highest number of daily infections and deaths in Asia, the daily rate has come down significantly to a seven day rolling average of less than 24,000 cases and 250 deaths between December 20-26, from the peak of close to a lakh and more than a 1,000 deaths a day in mid-September. These are much lower numbers compared to the U.S. and comparably fewer than those registered in the larger countries in Europe and Latin America. India still tests a middling number: 732 tests and 15.8 confirmed cases per million people, compared to the rest of the world. The testing numbers have fallen slightly in the past month, but the significant drop in recorded deaths suggests that, rather than experiencing a new peak in daily infections and deaths, India still remains in the "down phase" since the September peak. That the case and death curves are headed further south is a good sign for the health infrastructure.

While no other country barring the U.S. has reached or crossed the per day peak of nearly one lakh cases that India registered in September, the lower number of cases registered recently even as the country eased its physical distancing measures and travel restrictions and went through a festive season might come as a surprise. But as virologists Jacob John and M.S. Seshadri have argued, the peaking in September denoted the pandemic's widespread nature in urban and semi-urban areas and was reflected even more apparently in the ICMR's serosurveys. These serosurveys revealed a much higher number of undetected infections, many of them asymptomatic, before the September peak. As the virus ravaged the urban centres and spread to rural areas, the virologists estimated that nearly a third of the population had already been exposed, indicating that half of the "herd immunity" level required to end the spread had already been reached by mid-September. This explains why daily case and fatality rates stay low and also suggests that after India begins its vaccination drive, the epidemic should ease further and could become endemic. This does not lessen the dangers of local outbreaks and the complications of the spread of new variants from abroad. The standard safety measures — mask wearing, hand hygiene, absence of crowding and renewed testing and tracing — must remain.

-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

Farmers block Delhi-Meerut Expressway again, give government 10 days on laws

GHAZIABAD/RUDRAPUR: Members of the Bharatiya Kisan Union (BKU), who have been protesting at UP Gate for nearly a month, blocked the whole of Delhi-Meerut Expressway (DME) for five hours from 11am on Saturday. The farmers gave a 10-day ultimatum to the Centre and threatened massive protest if the stalemate on the three agriculture laws continued. As a section of farmers blocked the expressway, many others joined the protesters from different districts of the state later in the day. In Udham Singh Nagar in Uttarakhand, 1,500 farmers were booked for allegedly clashing with police on their way to UP Gate to join the agitation. BKU leader Rakesh Tikait, who has been leading the protest at UP Gate, on Saturday led a group of farmers from Rampur in 100 tractor trolleys. "We have been receiving numerous complaints about the police stopping other

farmers from reaching the protest site. I went to Rampur myself and brought farmers to the protest site," said Tikait. "We have also given 10 days to the Centre to come up with something concrete on the farm laws. If the government fails to do so, we will intensify our protest and gherao the houses of BJP MPs one by one," he added. According to a rough estimate, more than 3,000 farmers are camping at UP Gate currently, but their numbers are expected to swell with many more joining the movement from other areas. Through Saturday, the police remained on high alert, anticipating chaos. "In view of the heightened activities at UP Gate, we have revisited our strategy to maintain law and order. The area has been divided into seven zones and 13 sectors. Senior police officers and the district magistrate himself have been camping at the site," an official said. "On Saturday, we had to divert traffic at UP Gate as farmers had blocked the DME for about five hours from 11am. Commuters were stuck in snarls at various places," he added. Meanwhile, a complaint was lodged at Kaushambi police station on Saturday after death threats were allegedly issued to Tikait. "Our leader, Rakesh Tikait, received death threats over phone. Accordingly, we informed the police," said Shamsher Rana, the media in-charge of BKU. A police officer said, "We are taking the matter seriously and have formed a surveillance team to investigate the threats.

ड्यूटी से अनुपस्थित, फिर भी जबरन हाजिरी लगवाने का आरोप

गाजियाबाद : नगर निगम में भी घपले थमने का नाम नहीं ले रहे है। अब नगर निगम स्वास्थ्य विभाग में ड्राइवर के पद पर कार्यरत एक व्यक्ति पर आउटसोर्सिंग कर्मचारी राहुल कुमार ने सफाई नायकों से अवैध वसूली का आरोप लगाया है। इस संबंध में नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर से शिकायत की गई है। राहुल का आरोप है कि चालक खुद को एक संगठन का अध्यक्ष बताता है और उसके दो बेटे, दो भाई और दो भतीजे भी विजयनगर जोन में कार्यरत हैं। जो कि ड्यूटी से अनुपस्थित रहते हैं। लेकिन जबरदस्ती हाजिरी लगवाते हैं। आरोपी का वाहन छह माह से खराब है और गैराज पर ही खड़ा है।

डीएल, परमिट नवीनीकरण, फिटनेस व अन्य कामों की समयावधि बढ़ी

गाजियाबाद : वर्ष 2020 में कोरोना संक्रमण के चलते 31 दिसंबर तक दी गई रियायत फिलहाल आगे बढ़ा दी गई है। केंद्र सरकार से आदेश के क्रम में उत्तर प्रदेश परिवहन मुख्यालय जारी किए गए आदेश से गाजियाबाद जिले में करीब 30 हजार लोगों को राहत मिलेगी। दरअसल, वर्ष 2020 में जिन लोगों के परिवहन कार्यालय संबंधी काम मार्च से दिसंबर से बीच होने थे। उन्हें 31 दिसंबर तक काम कराने की रियायत दी गई थी। उदाहरण के रूप में किसी के डीएल की समयावधि सितंबर माह में खत्म हो रही थी तो उसे नवीनीकरण के लिए 31 दिसंबर तक का समय दिया गया था लेकिन अभी भी काफी संख्या में लोगों के परिवहन कार्यालय संबंधी कामकाज नहीं हो सके थे। ऐसे में जनहित में यह समयावधि बढ़ा दी गई है। अब 31 मार्च 2021 तक की छूट दी गई है। डीएल नवीनीकररण, फिटनेस, परमिट नवीनीकरण व परिवहन कार्यालय संबंध कामकाज अब लोग 31 मार्च तक करा सकेंगे। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारण विश्वजीत प्रताप सिंह ने बताया कि परिवहन मुख्यालय से मिले आदेशों के क्रम में रियायत की समयावधि बढ़ा दी गई है।

RWA body drops key members, deputy registrar seeks response

NOIDA: More than 20 founder and life members have objected to Federation of Noida Residents Welfare Association (FONRWA) doing away with their membership. They are also joined by some residents welfare associations (RWAs) questioning FONRWA's new rule of no additional social or honorary post to be held by any RWA member. After lifetime members complained to Office of Deputy Registrar Firms Societies and Chits, Meerut on December 11, a reply was sought by Meerut deputy registrar from FONRWA on December 21 on the matter. "The meeting which was organised by the FONRWA on December 6 was against the bylaw rules of the organisation when they removed the founder and life membership rules of the parent RWA body of the city," said P S Jain, the former life member of FONRWA.

दंपती के झगड़े में बीच–बचाव करने पहुंची महिला की ईंट से पीटकर हत्या

लोनी : कोतवाली क्षेत्र की मुस्तफाबाद कालोनी में रविवार शाम दंपती के झगड़े का बीच–बचाव कराने पहुंची महिला की पति ने ईंटों से पीट–पीटकर हत्या कर दी। स्वजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपित पति और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। इकराम नगर कालोनी में चांद बानो (55) परिवार के साथ किराए के मकान में रहती थीं। उसी मकान में शबनम भी रहती हैं। दोनों रूपनगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्टरी में काम करती थीं। पुलिस के मुताबिक शबनम का अपने पति नफीस से सात वर्ष पूर्व झगड़ा हो गया था। तभी से दोनों अलग–अलग रहते हैं। सोमवार शाम करीब सात बजे चांद बानो और शबनम रिश्तेदार आमिर, अमन के साथ गाजियाबाद रोड से घर जा रहे थे। मुस्तफाबाद कालोनी में नफीस अपने साथी अंसार के साथ खड़ा हुआ था। शबनम को देखकर उसने युवकों के साथ घूमने का कारण पूछा। जिसपर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। बीच–बचाव करने पहुंची चांद बानों पर नफीस ने ईंट से कई वार कर दिए। उन्हें उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

लोनी में सरेआम युवक की पीट–पीटकर हत्या

गाजियाबाद : लोनी थानाक्षेत्र में लोनी–खजूरी पुस्ता मार्ग पर हमलावरों ने फूलों की दुकान के विवाद में अजय शर्मा (35) को ऑटो से उतारने के बाद सरेआम रॉड से पीट–पीटकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने सोनिया विहार दिल्ली निवासी मुख्य आरोपी गोविंद शर्मा और उसके साथी अमित को गिरफ्तार कर लिया। घटना के वक्त मौजूद भीड़ में से कोई भी अजय को बचाने नहीं आया। आरोपी ने पूर्व में ही अजय को हत्या की धमकी दी थी पर पुलिस ने कार्रवाई के बजाय लीपापोती कर दी। एसएसपी ने लापरवाही बरतने वाले दो एसआई व हेड कांस्टेबल धीरज चतुर्वेदी को सस्पेंड कर दिया।

दुनियाभर में इस समय 232 कोरोना वैक्सीन पर चल रहा काम

अप्रूवल हासिल करने वाली वर्ल्ड की 9वीं वैक्सीन है कोवीशील्ड, जानिए विश्व में बन रही कोरोना वैक्सीन का स्टेटस

दुनियाभर में इस समय 232 कोरोना वैक्सीन पर काम चल रहा है। डब्ल्यूएचओ वैक्सीन लैंडस्कैप के मुताबिक, इनमें भी 172 वैक्सीन प्री–क्लीनिकल ट्रायल्स में हैं। यानी इन वैक्सीन की अभी लैब्स में ही टेस्टिंग चल रही है। वहीं, 60 वैक्सीन क्लिनिकल ट्रायल्स में हैं। आम तौर पर क्लिनिकल ट्रायल्स में कई साल लग जाते हैं। पर कोरोना को इमरजेंसी मानते हुए दुनिया में अब तक 9 वैक्सीन को इमरजेंसी अप्रूवल मिल चुका है। इस समय चीन की 4, रूस की 2, अमेरिका की 2 और ब्रिटेन की एक वैक्सीन को इमरजेंसी अप्रूवलध्अप्रूवल मिल चुका है। इनमें सबसे नई वैक्सीन ऑक्सफोर्ड/एस्ट्राजेनेक की कोवीशील्ड है, जिसे ब्रिटेन ने 30 दिसंबर को इमरजेंसी अप्रूवल दिया है। करीब 16 देशों में वैक्सीनेशन शुरू हो चुका है। दुनियाभर में 7 वैक्सीन अब भी फेज–3 ट्रायल्स में हैं और उन्हें कहीं भी अप्रूवल नहीं मिला है। 20 वैक्सीन फेज–2 ट्रायल्स में हैं और 22 वैक्सीन पहले फेज के ह्यूमन ट्रायल्स में है। फाइजर की वैक्सीन को कम से कम 12 देशों में अप्रूवल मिल चुका है। फाइजर ने भारत में भी इमरजेंसी अप्रूवल मांगा है। भारत में सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया और भारत बायोटेक ने भी अपने–अपने वैक्सीन के लिए इमरजेंसी अप्रूवल मांगा है। एक्सपर्ट कमेटी ने इन कंपनियों से और जानकारी मांगी है।



03 कंपनियों के ट्रायल्स दूसरे फेज में है। इसमें भारत की अहमदाबाद की कंपनी कैडिला हेल्थकेयर भी शामिल है। उम्मीद है अप्रैल 2021 तक यह वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगी।

25 साइट्स पर ट्रायल कर रही भारत बायोटेक की कोवैक्सिन का अंतिम चरण चल रहा है। इस वैक्सीन को हैदराबाद की कंपनी भारत बायोटेक ने एनआईवी व आईसीएमआर के साथ मिलकर तैयार किया है। अब जल्द ही इसके नतीजे का इंतजार है।

चार वैक्सीन के नतीजे आए, चारों को मिला अप्रूवल

1. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी/एस्ट्राजेनेका

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और एस्ट्राजेनेका ने मिलकर वैक्सीन (कोवीशील्ड) बनाई है। यह शुरुआती नतीजों में 90 प्रतिशत तक असरदार पाई गई है। दुनिया की प्रमुख वैक्सीन प्रोडक्शन कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने 7 दिसंबर को भारत में कोवीशील्ड के इमरजेंसी अप्रूवल मांगा था। इस पर भारत की सब्जेक्ट एक्सपर्ट कमेटी ने कोवीशील्ड से और डेटा देने को कहा है। ब्रिटेन में 30 दिसंबर को अप्रूवल मिलने के बाद भारत में भी इसे अप्रूवल मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

2. फाइजर और बायोएनटेक

अमेरिकी फार्मा कंपनी फाइजर और जर्मन कंपनी बायोएनटेक की जॉइंट कोरोना वैक्सीन फेज–3 ट्रायल में 95 प्रतिशत असरदार साबित हुई है। न्ज्ञ में इस वैक्सीन को 2 दिसंबर को इमरजेंसी अप्रूवल दे दिया है। इसके बाद अब तक 16 देशों ने इसे अप्रूवल दिया है। कई देशों में प्रायरिटी ग्रुप्स को वैक्सीनेट करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

3. मॉडर्ना (अमेरिका)

